# सिंधिया ने किया वेस्टर्न बायपास का निरीक्षण, विकास को मिलेगी रफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 अप्रैल.** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज मंगलवार को ग्वालियर में वेस्टर्न बायपास का निरीक्षण किया। सिंधिया ने कहा

**29 किमी लंबा और 1347 करोड़ में बनेगा वेस्टर्न एक्सप्रेसवे, 2025 में मिली थी मंजूरी**

कि यह परियोजना शहर के विकास को पूर्व से पश्चिम की ओर संतुलित करने में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की स्वीकृति से यह योजना अब जमीन पर उतरने जा रही है, जिससे ग्वालियर को नई कनेक्टिविटी और गति मिलेगी। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक शर्मा,

विधायक मोहन सिंह राठौर व पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

**ग्वालियर ग्रामीण बनेगा विकास का स्तंभ**- इस मौके पर सिंधिया ने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं के माध्यम से ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र को भी विकास की मुख्यधारा में लाया जाएगा और इसे प्रगतिशील व सशक्त क्षेत्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।



### एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी से बढ़ेगी रफ्तार

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने वेस्टर्न बायपास परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिल्ली, भोपाल और ग्वालियर से जुड़े एनएचएआई अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, गति और गुणवत्ता की व्यापक समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को परियोजना को तय समय-सीमा के भीतर उच्च मानकों के साथ पूरा करने के निर्देश दिए ताकि ग्वालियर क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी और यातायात सुविधा का लाभ शीघ्र मिल सके। उल्लेखनीय है कि 88 किमी लंबे ग्वालियर-आगरा एक्सप्रेसवे को वेस्टर्न बायपास के माध्यम से जोड़ा जाएगा। जिसे 4-लेन हाईवे में विकसित किया जाएगा। 29 किमी लंबी इस परियोजना पर लगभग 1347 करोड़ खर्च होंगे, जो आगे शिवपुरी एक्सप्रेसवे से भी जुड़ेगी। निरीक्षण के बाद सिंधिया ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन से ग्वालियर-चंबल के विकास को नई गति मिली है। पिछले साल अप्रैल माह में सिंधिया के प्रयासों से वेस्टर्न बाईपास को मंजूरी मिली थी।

### तेज और सुगम आवागमन की दिशा में बड़ा कदम

इस बायपास परियोजना के 3 एंट्री-एग्जिट पॉइंट बनाए जाएंगे, जिससे 88 किमी की दूरी मात्र 35 मिनट में और 30 किमी की दूरी 20 मिनट में तय की जा सकेगी। साथ ही वन्य क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए 13 अंडरपास का निर्माण भी प्रस्तावित है। ग्वालियर में कुल 6500 करोड़ की विकास योजनाएं प्रगति पर हैं, जिनमें 23 किमी लंबी 1400 करोड़ की एलिवेटेड रोड और 5000 करोड़ की आगरा-ग्वालियर 6 लेन एक्सप्रेसवे भी शामिल है। ये परियोजनाएं शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक और सक्षम बनाएंगी।

### एयरपोर्ट, रेलवे और स्टेडियम का होगा विस्तार

सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के विस्तार के साथ ही लगभग 300 करोड़ की लागत से आधुनिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। सरकार की आईटीबीपी सहित अन्य संस्थानों की स्थापना से भी क्षेत्र में रोजगार और विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर को दिल्ली के काउंटर मैग्नेट शहर के रूप में विकसित करने की सोच के तहत साडा का गठन किया गया था। अब तक विकास पूर्वी क्षेत्र में केंद्रित रहा, लेकिन वेस्टर्न बायपास के माध्यम से पश्चिमी क्षेत्र में भी विकास को गति मिलेगी और साडा का सपना साकार होगा।

## सत्येन्द्र शर्मा ने सिंधिया का किया स्वागत

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 28 अप्रैल.** ग्वालियर वेस्टर्न बायपास विकास का सशक्त प्रतीक ग्वालियर को बहुप्रतीक्षित वेस्टर्न बायपास की ऐतिहासिक सौगात प्रदान करने हेतु केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा ने सैकड़ों साथियों के साथ स्वागत बहोड़ापुर चौराहे पर किया गया।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अथक प्रयासों से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सकारात्मक सहयोग से ग्वालियर चम्बल संभाग को ऐतिहासिक सौगात ग्वालियर वेस्टर्न बायपास की सौगात मिली है। सिंधिया का आभार व्यक्त कर स्वागत करने वालो में लता सिंह वरिष्ठ नेता विमला मिश्रा, प्रयाग तोमर, गौरव कुलश्रेष्ठ, नरेश सिंह जादौन, प्रवीण महेश्वरी, दीपक शर्मा, राजीव गुप्ता, विशाल पाराशर, विनय शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह परमार, आर के तिवारी, दिलीप पांडे, मानसिंह राजपूत, लकी गौतम आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया।


**भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड**
**RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD**

विज्ञापन सं. RBISB/BA/01/2026-27

**भारतीय रिज़र्व बैंक में ग्रेड 'बी' (सामान्य/आनीअवि/सांसूप्रवि) संवर्गों में (परिवीक्षाधीन) अधिकारियों के पदों पर सीधी भर्ती (सीभ) - पैनल वर्ष - 2026**

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं) में पैनल वर्ष - 2026 के लिए निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.स. | पद का नाम | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | ग्रेड 'बी' में अधिकारियों की सीधी भर्ती (सामान्य) | 40 |
| 2 | ग्रेड 'बी' में अधिकारियों (आनीअवि) आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग की सीधी भर्ती | 10 |
| 3 | ग्रेड 'बी' में अधिकारियों की (सांसूप्रवि) - सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग सीधी भर्ती | 10 |
| | कुल | 60 |

2. पात्रता मानदंड, रिक्तियों के आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन जमा करने और अन्य अनुदेशों जैसे अन्य सभी विवरणों के लिए कृपया **29 अप्रैल 2026** (संभावित) को बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in )** पर और दिनांक **02 मई 2026** के एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार अंक/अनुवर्ती अंक में प्रकाशित होने वाले विस्तृत विज्ञापन को देखें।

उम्मीदवार उपरोक्त पदों के लिए बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**3. महत्त्वपूर्ण तिथियां**:**

| | |
|---|---|
| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क सूचना प्रभार के / भुगतान के लिए वेबसाइट का लिंक खुला रहेगा | **29 अप्रैल से 20 मई 2026 (शाम 06 बजे तक)** |
| ग्रेड 'बी' - सीधी भर्ती की चरण (सामान्य) I ऑनलाइन परीक्षा | **13 जून 2026** |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-I ऑनलाइन परीक्षा - प्रश्नपतर) आनीअवि I और II) - प्रश्नपत्र) सांसूप्रवि / I) | **14 जून 2026** |
| ग्रेड 'बी' - सीधी भर्ती की चरण (सामान्य) II ऑनलाइन परीक्षा | **25 जुलाई 2026** |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-II ऑनलाइन लिखित / - प्रश्नपत्र) आनीअवि - परीक्षा I और II) - प्रश्नपत्र) सांसूप्रवि II और III) | **26 जुलाई 2026** |

** बोर्ड इन तिथियों में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार रखता है।

**टिप्पणी:** उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर प्रकाशित किया जाएगा।


## सिंधिया के मार्गदर्शन में करेंगे साडा का चहुंमुखी विकास : अध्यक्ष अशोक शर्मा

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 28 अप्रैल.** ग्वालियर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक शर्मा का कहना है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन में साडा का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। इसके लिए सिंधिया से उन्होंने मुलाकात कर चर्चा की है। इसमें देश की प्रमुख केंद्रीय संस्थाओं और कंपनियों से बात करने की बात सिंधिया ने कही है।

नवनियुक्त साडा अध्यक्ष अशोक शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है और उनको इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। इस पर वे पूरी तरह खरे उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि साडा ग्वालियर के लिए बहुत संभावनाओं की योजना है। यहां जितनी भूमि है उतनी दिल्ली के आसपास कहीं नहीं है। दिल्ली से ग्वालियर की कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है। अब आगरा एक्सप्रे वे और वेस्टर्न बायपास बनने के बाद साडा में आवागमन की सुविधा ज्यादा आसान हो जाएगी। केंद्र सरकार के स्तर पर दूरसंचार कंपनियों से बात चल रही है जो बड़े स्तर पर 271 एकड़ भूमि लेने को तैयार है और यहां उपकरण निर्माण उद्योग लगाने को तैयार है। इसके साथ केंद्रीय रक्षा मंत्री से आग्रह किया जाएगा कि यहां अर्धसैनिक बलों को सेंटर शुरू किया जाए। दिल्ली से सीधी यातायात सेवा और दूरी कम होने की वजह से साडा क्षेत्र इसके लिए बेहद उपयुक्त रहेगा। श्री सिंधिया ने कहा कि वेस्टर्न बायपास के निर्माण से बड़ी संख्या में उद्योगपति और कम्पनियां साडा क्षेत्र में आने को तैयार हैं। आगरा से ग्वालियर के नए एक्सप्रेस-वे से वेस्टर्न बायपास की दूरी मात्र 6 किलोमीटर होगी और सीधे तौर पर दिल्ली से आसानी से साडा क्षेत्र में आने की सुविधा विकसित होगी।

## मेला प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष उपाध्यक्ष आज करेंगे पदभार ग्रहण

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 28 अप्रैल.** भारतीय जनता पार्टी, ग्वालियर के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं नवनियुक्त ग्वालियर व्यापार मेला अध्यक्ष अशोक जादौन के साथ उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह गुर्जर 29 अप्रैल को विधिवत पदभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर उत्साहित कार्यकर्ताओ द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया है

मीडिया प्रभारी डॉ. निशिकान्त मोघे ने बताया कि ग्वालियर महानगर के अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पड़ाव पर सुबह 9:30 बजे एकत्रित होकर रैली के रूप में ग्वालियर व्यापार मेला कार्यालय पहुंचेंगे जहाँ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति में नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण समारोह संपन्न होगा। नवनियुक्त मेला उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह प्रातः 9 बजे अपने बसंत विहार स्थित निवास से प्रस्थान कर सर्वप्रथम तिवकेश्वर महाराज के मंदिर पर पूजा अर्चना करेंगे और फिर पड़ाव पुल स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर जाकर पूजन करेंगे और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ काफिले में शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने समस्त कार्यकर्ताओं से रैली में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर**

निविदा सूचना क्र / पी.डब्लू.डी / 2026-27/03 — बुरहानपुर दिनांक : 28-04-2026

निविदा सूचना 2026-27

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी. नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _503570_1 | शनवारा चौराहा से गणपति थाना मुख्य मार्ग के इलेक्ट्रीक पोल शिफटिंग का कार्य । | 2 माह 73.42 लाख | 5,000/- 55,000/- | 06-05-2026 |
| 2 | 2026_UAD _503571_1 | वार्ड क्र. 39 पांडारोल नाले पर होटल हाईराईस के पास स्थित पुलिया पर दोनों ओर सी. एन. सी. एम.एम. शिट लगाने का सौन्दर्यीकरण का कार्य । | 2 माह 16.76 लाख | 2,000/- 12,600/- | 06-05-2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

सहायक आयुक्त
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर


### रसोई गैस के 4 सिलेंडर जब्त

**ग्वालियर, 28 अप्रैल।** ग्वालियर जिले में रसोई गैस के दुरुपयोग को रोकने के लिए कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 4 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। खाद्य विभाग की टीम ने अलकापुरी तिराहे के पास स्थित एसबी स्ट्रीट फूड परिसर की जांच के दौरान 4 घरेलू गैस सिलेंडर अनाधिकृत रूप से भंडारित पाए। जांच में यह भी सामने आया कि परिसर में खाद्य सामग्री तैयार कर व्यावसायिक रूप से विक्रय किया जा रहा था। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और अनाधिकृत भंडारण को देखते हुए सभी 4 सिलेंडर जब्त कर अनंत गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिए गए हैं। इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं।

## सीवर व गंदे पानी की समस्या पर भड़की कांग्रेस

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 28 अप्रैल.** कांग्रेस महासचिव सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ ननि मुख्यालय का घेराव कर धरना दिया। विगत दिनों से शहर में उफनते सीवर और नलों में गंदे पानी की समस्या को लेकर सुनील शर्मा के नेतृत्व में निगम मुख्यालय के गेट पर नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर धरना दिया। बड़ी संख्या में कांग्रेसियों को देख कर निगम के आला अधिकारी कांग्रेसियों के सामने नहीं आए। कांग्रेस महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि शहर की जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। घरों में नलों से पीला और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद नगर निगम के अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सीवर समस्या हल करो, गंदा पानी बंद करो और निगम प्रशासन होश में आओ जैसे नारे लगाए।

ज्ञापन देने बालों में पार्षद रामू अनीता कुशवाहा, किरण धर्मेंद्र बर्मा, माठु यादव, मनोज राजपूत, शकील मंसूरी, मनीष मन्ना, ब्लॉक अध्यक्ष मुनेन्द्र भदौरिया, राकेश कुशवाहा, धर्मवीर राठौर, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, महेश मथुरिया, अनिल शर्मा, सुरेश प्रजापति, रणवीर चौधरी, राजेश कुशवाहा, मनीष शर्मा, विष्णु कुशवाह, अजीत गोस्वामी,संतोष भारती, धर्मवीर प्रजापति, लक्ष्मण पाल, राकेश राजपूत, नरेश लोधी, देवेन्द्र बघेल, पवन शर्मा, दीपक दीप शर्मा, दीपक बघेल, अभय सिह, राम सहाय तोमर, बलवंत बघेल, सौरभ परिहार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रमुख मांगें

घेराव के बाद सुनील शर्मा ने नगर निगम के आला अधिकारियों को जो ज्ञापन सौंपा जाना था उसमें मुख्य रूप से ये मांगें रखी थीं - पुरानी और जर्जर पाइपलाइनों को तुरंत बदला जाए जहाँ सीवेज का पानी मिल रहा है। जल शोधन संयंत्रों से सप्लाई होने वाले पानी की रोजाना गुणवत्ता जांच हो। लापरवाही बरतने वाले संबंधित क्षेत्र के इंजीनियरों पर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रभावित क्षेत्रों की जांच के लिए विशेष टीम गठित की जाए और अगले कुछ ही दिनों के भीतर समस्या के समाधान किया जाए। शर्मा ने कहा कि अगर एक हफ्ते के भीतर जनता को साफ पानी मिलना शुरू नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी।


**केनरा बैंक Canara Bank** — क्षेत्रीय कार्यालय: प्रथमतल साई बाबा कॉम्पलेक्स,जीडीए बिल्डिंग के पास, फूलबाग, ग्वालियर फोन: 0751-2423126

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्मलिखित ऋणधारी को निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि एवं सहित नोटिस प्राप्ति के 60 दिन की समय अवधि के भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था ऋणी निर्धारित समय सीमा में ऋण का भुगतान करने में असफल रहा है। अतः ऋणी/जमानतदार एवं सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8 एवं 9) के अंतर्गत नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है। ऋणग्रहीता को विशिष्टयता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए केनरा बैंक की संबंधित शाखा के अधीन होगा। ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**Redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (8) के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं संपत्ति मालिक/जमानतदार का नाम | नोटिस के अनुसार राशि | बंधक रखी संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **शाखा : केनरा बैंक ग्वालियर मुरार मोबा : 97135-97162, E-mail : cb4257@canarabank.com** | | |
| **उधारकर्ता-1. गर्ग स्टोन इंडस्ट्रीज** पता : पेट्रोल पंप के पास एबी रोड बानमोर जिला- मुरैना म.प्र.-476134 **2. मालिक/बंधककर्ता : महावीर प्रसाद गर्ग पुत्र द्वारिका प्रसाद गर्ग** पता : वार्ड क्रमांक 10, स्टेशन रोड बानमोर | **₹ 15,37,634/-** + ब्याज एवं अन्य खर्च-वसूली मांग नोटिस दिनांक **30-01-2026** कब्जा दिनांक **24-04-2026** | **संपत्ति मालिक-मैसर्स गर्ग स्टोन इंडस्ट्रीज . श्री महावीर प्रसाद गर्ग-** संपत्ति मकान स्थित सर्वे नम्बर 149 /मकान नम्बर मिन -124 , मिन - 5, वार्ड नं. 11 (पुराना नं - 10) भेरो मंदिर के पास, ए.बी. रोड जैतपुरा नूराबाद, बानमोर, जिला। मुरैना म.प्र. पर स्थित 1200 वर्गफुट जिसकी **चतुर-सीमा : पूर्व :** भेरो मंदिर, **दक्षिण-**अन्य का भूखंड, **पश्चिम-**सडक, **उत्तर-**द्वारका प्रजापति का घर। |

स्थान : ग्वालियर — दिनांक : 28/04/2026 — प्राधिकृत अधिकारी कैनरा बैंक


## नवनियुक्त कार्यपरिषद सदस्यों का कर्मचारियों ने किया स्वागत

**ग्वालियर 28 अप्रैल.** जीवाजी विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के नवागत सदस्य भानुप्रताप सिंह चौहान, प्रदीप शर्मा, डॉ. कुमार संजीव, डॉ. रूपनारायण मांडवे, मनु चंद्रभान सिंह एवं डॉ. ऋतु नामधारी पहली बैठक में एक साथ जेयू पहुंचे। इस दौरान स्थायी कर्मी संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा ने पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर शर्मा ने संकायाध्यक्ष एवं आचार्य श्रेणी के कार्यपरिषद सदस्य प्रो. समीर भाग्यवंत, प्रो. गणेश



दुबे, प्रो. मनोज शर्मा एवं प्रो. जेएन गौतम का भी स्वागत किया। कार्यपरिषद सदस्यों ने विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के समन्वय से सभी कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।


**मध्य प्रदेश शासन**
**नगर पालिक निगम, ग्वालियर**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 1303/ज.प्र./न.पा.नि./2026 — ग्वालियर दिनांक 28/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_484835_2 | वार्ड क्रमांक 51 में स्लूस वाल्व पर आरसीसी चेम्बर निर्माण का कार्य | 11,08,921/- | 2000/- 8,317/- | 11.05.2026 |
| 2. | 2026_UAD_476136_3 | वार्ड क्रमांक 42 एवं 43 में गन्दे पानी की समस्या के निराकरण का कार्य | 6,52,105/- | 2000/- 6,521/- | 11.05.2026 |
| 3. | 2026_UAD_485113_2 | वार्ड क्रमांक 56 में पैनल प्रोटेक्शन बॉक्स कार्य | 7,92,888/- | 2000/- 7,929/- | 11.05.2026 |
| 4. | 2026_UAD_487757_2 | वार्ड क्रमांक 01 लगायत 17, 31, 32, 33 एवं 36 में पैनल प्रोटेक्शन बॉक्स कार्य | 11,09,868/- | 2000/- 8,325/- | 11.05.2026 |
| 5. | 2026_UAD_502943_1 | वार्ड क्रमांक 43 मौलिक निधि से जी.आई. पाइप लाइनों के मरम्मत का कार्य | 4,22,516/- | 2000/- 4,225/- | 11.05.2026 |
| 6. | 2026_UAD_503338_1 | वार्ड क्रमांक 51 मौलिक निधि से क्षतिग्रस्त जल प्रदाय लाइनों का संधारण का कार्य | 3,58,950/- | 2000/- 3,589/- | 12.05.2026 |
| 7. | 2026_UAD_503351_1 | वार्ड क्रमांक 20 से 23 एवं 25 से 28 में पैनल प्रोटेक्शन बॉक्स का कार्य | 11,24,415/- | 2000/- 8,433/- | 26.05.2026 |

**नोट :** -निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री
जल प्रदाय विभाग
नगर निगम ग्वालियर

Ro क्र. 271 दिनांक 28/04/26







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95